# एजेंसियां आज भी करेंगी बुकिंग और डिलीवरी

## अधिकारियों ने सख्त निर्देश किए जारी

**ग्वालियर, 15 मार्च. जिले की गैस एजेंसियों को सोमवार, 16 मार्च को भी बुकिंग एवं डिलीवरी का कार्य करना होगा। सभी गैस एजेंसियों को सोमवार के दिन अपने-अपने ऑफिस एवं गोदाम खोलकर बुकिंग व डिलेवरी का कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है।.**

वर्तमान परिस्थति को ध्यान में रखकर कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर जिला आपूर्ति नियंत्रक द्वारा आईओसीएल, बीपीसीएल व एचपीसीएल (एलपीजी) को इस संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। ज्ञात हो हर सोमवार को गैस एजेंसियों द्वारा अवकाश रखा जाता है और गैस बुकिंग व डिलेवरी का कार्य नहीं किया जाता है। जिला आपूर्ति नियंत्रक अरविंद सिंह भदौरिया ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य को ध्यान में रखकर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है.

### गैस एजेंसियों का किया निरीक्षण

सरकार की मंशा के अनुरूप जिले के उपभोक्ताओं को रसोई गैस की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर विभिन्न अधिकारियों द्वारा रविवार को जिले की गैस एजेंसियों व गोदामों का निरीक्षण किया गया.

### सौसर में गैस की वितरण व्यवस्था लड़खड़ाई



**सौसर।** नगर में एचपी गैस की घरेलू वितरण व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है. रविवार को गैस सिलेंडर न मिलने से आक्रोशित उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा. मोक्षधाम के पास स्थित वितरण केंद्र पर सुबह से ही भूखे-प्यासे कतार में खड़े लोग दोपहर में तब मायूस हो गए, जब उन्हें बिना सिलेंडर लिए ही खाली हाथ अपने घर लौटना पड़ा. जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह से ही बड़ी संख्या में उपभोक्ता सिलेंडर लेने के लिए वितरण स्थल पर जमा हो गए थे. घंटों इंतजार के बाद, ऐन वक्त पर वितरक द्वारा यह कहकर पल्ला झाड़ लिया गया कि छिंदवाड़ा से सिलेंडर का ट्रक नहीं आया है.

# गैस लेने उपभोक्ताओं की लगी कतारें

- बैढ़न भारत गैस एजेंसी का मामला
- पर्याप्त स्टाक होने का दावा



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली, 15 मार्च. ईरान-ईजराइल के बीच चल रहे युद्ध को लेकर घरेलू गैस की किल्लत की अफवाहें उड़ाई जा रही हैं.**

जिला मुख्यालय बैढ़न में आज दिन रविवार की दोपहर समय 1 बजे भारत गैस एजेंसी के सामने उपभोक्ताओं की लम्बी लाइनें लगी हुई दिखाई दी. जबकि जिला प्रशासन का दावा है कि स्टॉक पर्याप्त मात्रा में है. दरअसल जब से ईजराइल-अमेरिका मिलकर ईरान के साथ युद्ध कर रहे हैं,

तब से घरेलू गैस की किल्लत हर जगह सुनाई दे रही है. जिले में प्रशासन का दावा है कि घरेलू गैस की पर्याप्त स्टाक है. इसके बावजूद गैस एजेंसियों के यहां पर्ची कटवाने उपभोक्ताओं की लम्बी कतारें लग रही हैं. आज दिन रविवार की दोपहर 1 बजे जिला मुख्यालय बैढ़न स्थित भारत गैस एजेंसी दुकान के सामने उपभोक्ताओं की गैस पर्ची कटवाने के लिए लम्बी लाइनें लगी हुई थी. इस नजारे को देख लोगबाग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे थे और बताया कि समय पर गैस नही मिल रही है.

## एक नजर में

### इसरो के लिए निपुन गुप्ता का चयन

**ग्वालियर.** शहर के युवा निपुन गुप्ता को इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइज़ेशन (इसरो) में साइंटिस्ट इंजीनियर के पद के लिए चुना गया है. यह कामयाबी निपुन की विषय में स्किल्स और स्पेस एक्सप्लोरेशन को आगे बढ़ाने के उनके डेडिकेशन को दिखाती है. इसरो में साइंटिस्ट इंजीनियर का पद पसंदीदा रोल्स में से एक है, और हर साल इस सम्मान के लिए कुछ ही कैंडिडेट्स को चुना जाता है. ज्ञात हो कि निपुन ने अपनी 12वीं तक की शिक्षा प्रगति विद्यापीठ से प्राप्त की है.



### नाबालिग छात्र को पाइप से बांधकर पीटा

**ग्वालियर.** ग्वालियर में एक नाबालिग लड़के को लोहे के पाइप से बांधकर बेल्ट से पीटने की सनसनीखेज घटना सामने आई है. इस घटना में एक 15-16 वर्षीय छात्र ने अपना कसूर सिर्फ इतना बताया कि उसने मोहल्ले के लड़कों को गांजा पीने के लिए पैसे देने से मना कर दिया था, जिस पर नाराज होकर तीन लड़कों ने उसे बांधकर पीटा है. घटना का वीडियो भी सामने आया है. पुलिस ने बीती रात तीनों आरोपी लड़कों पर मामला दर्ज कर पकड़ लिया, लेकिन पीटने वाले आरोपियों ने घटना की कुछ और वजह बताई है. आरोपियों का कहना है कि गांजा के लिए पैसे मांगने की कहानी झूठ है, बल्कि इसने दो दिन पहले हमें पीटा था और उसका वीडियो वायरल कर दिया था. हमने सिर्फ उसका ही बदला लिया था.

# हेलमेट नहीं पहनने वाले 1742 चालकों पर पुलिस की कार्रवाई

- ट्रैफिक पुलिस का जागरुकता अभियान जारी

**इंदौर, 15 मार्च. शहर में सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस द्वारा हेलमेट पहनें-सुरक्षित रहें अभियान चलाया जा रहा है. अभियान के तहत एक ओर बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है.**

जिसके तहत 1742 चालकों पर चालनी कार्रवाई की, वहीं दूसरी ओर नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है. पुलिस उपायुक्त प्रभारी यातायात राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस आयुक्त नगरीय संतोष कुमार सिंह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आरके सिंह के मार्गदर्शन में शहर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. जिसके तहत पलासिया, विजयनगर, महू नाका, चाणक्यपुरी, भंवरकुआ सहित अन्य प्रमुख चौराहों पर वाहन चेकिंग करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की. साथ ही चौराहों पर अनाउंसमेंट के माध्यम से वाहन चालकों को हेलमेट पहनने और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी गई. त्रिपाठी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में सिर पर गंभीर चोट लगने से होने वाली मौतों को रोकने के लिए हेलमेट पहननाजरूरी है.

# मां कर्मा देवी भक्ति की प्रतीक थी : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

- मां कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन



**भोपाल, 15 मार्च. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि हम अपनी संस्कृति और परंपराओं को जितना उल्लास के साथ मनाएंगे आने वाली पीढ़ी उसके महत्व को समझेगी और वह भी इस परंपरा को आजीवन काल तक चिर स्थाई बनाकर रख सकेगी. उप मुख्यमंत्री शुक्ल रीवा में माँ कर्मा देवी जयंती महोत्सव में शामिल हुए.**

राज कपूर आडिटोरियम में साहू युवा संगठन के संयोजकत्व में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने मां कर्मा की विधि-विधान से आरती की. उन्होंने कहा कि मां कर्मा कृष्ण भक्त थीं और भगवान कृष्ण उनकों साक्षात दर्शन देते थे और उनकी मनोकामनाओं की पूर्ति करते थे. मां कर्मा भक्ति की प्रतीक थी. मां कर्मा जयंती का आयोजन महान आत्माओं को याद दिलाने का आयोजन है.

शुक्ल ने कहा कि आयोजनकर्ता बधाई के पात्र हैं. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि मैं मां कर्मा शोभा यात्रा का साक्षी बना था और आज इस आयोजन में भी उपस्थिति हुआ हूं. मैं सौभाग्यशाली हूं कि इन आयोजनों में शामिल हुआ. मां कर्मा जयंती महोत्सव में विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह, पूर्व मंत्री रविकरण साहू, करण साहू, नगर परिषद अध्यक्ष रामपुर नैकिन रामकुमार साहू सहित समाज के अन्य गणमान्य नागरिकों ने अपने विचार व्यक्त किये. इस अवसर पर रायपुर छत्तीसगढ़ की भजन गायिका हीना सिंह ने शानदार प्रस्तुति दी.

### 232 बदमाशों और आरोपियों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**सिंगरौली, 15 मार्च.** जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और अपराधियों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा बीते दिन शनिवार की रात जिलेभर में विशेष नाइट कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया. यह अभियान रीवा जोन के पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत के निर्देशन में संचालित किया गया. अभियान के दौरान पुलिस की अलग-अलग टीमों ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन गश्त करते हुए अपराधियों और फरार आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की. रातभर चले इस विशेष अभियान के दौरान जिले में कुल 232 बदमाशों और आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई.

# क्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

- आक्रोशित लोगों ने किया हंगामा



**इंदौर, 15 मार्च. बाणगंगा थाना क्षेत्र में शनिवार रात क्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई. हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और आक्रोशित परिजनों व स्थानीय लोगों ने हंगामा करते हुए मशीन को नुकसान भी पहुंचाया.**

थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताय कि घटना बोहरा वायर कंपनी के गेट के सामने हुई. न्यू बजरंगपुरा में रहने वाले ओशान प्रजापत साइकिल से जा रहा था, तभी क्रेन ने उसे टक्कर मार दी. भारी वाहन की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलते ही बाणगंगा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला. समझाइश के बाद परिजन व स्थानीय लोग शांत हुए. इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया. फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

### शिवपुरी में दुष्कर्म के आरोप के बाद भड़की हिंसा, एक की मौत

**शिवपुरी.** एक आंगनबाड़ी सहायिका से कथित दुष्कर्म के आरोप के बाद मामला हिंसक हो गया. जानकारी के अनुसार पीड़िता के परिजन आरोपी के घर पहुंच गए और मारपीट शुरू हो गई. इस दौरान बेटे को बचाने आई बुजुर्ग मां की गंभीर चोट लगने से मौत हो गई. पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है. वहीं महिला की मौत के मामले में पीड़िता के भाई सहित 3 लोगों को नामजद किया है. घटना शिवपुरी जिले के रन्नौद थाना क्षेत्र की बताई जा रही है. स्थिति को देखते हुए इलाके में पुलिस बल तैनात कर जांच शुरू कर दी गई है.

# हाइवे को लेकर आज होगा आंदोलन

- प्रशासन से वार्ता रही नाकाम

**भिंड, 15 मार्च. भिंड में नेशनल हाईवे के निर्माण को लेकर कल 16 मार्च को बड़ा आंदोलन होगा. आंदोलन से पहले प्रशासन और आंदोलनकारियों के बीच बातचीत की कोशिश भी हुई.**

प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला ने कलेक्टर, स्थानीय विधायक, दंदरौआ धाम के महंत और आंदोलनकारियों के साथ बैठक की. हालांकि बातचीत के बाद भी कोई सहमति नहीं बन सकी. अधिकारियों ने फरवरी 2027 तक हाईवे चौड़ीकरण का काम शुरू होने की बात कही, लेकिन आंदोलनकारी इससे संतुष्ट नहीं हुए. इसी कारण अब आंदोलन की तैयारी और तेज हो गई है. भिंड और आसपास के क्षेत्रों में सड़क की स्थिति लंबे समय से राजनीतिक चर्चा का विषय रही है. स्थानीय लोग आरोप लगाते हैं कि हाईवे से टोल वसूली तो जारी है, लेकिन सड़क के विस्तार और सुधार का काम अपेक्षित गति से नहीं हुआ.

### संत कर रहे हैं आंदोलन का नेतृत्व

इस आंदोलन की खास बात यह है कि इसका नेतृत्व संत समाज कर रहा है. संत समिति के जिला अध्यक्ष कालिदास महाराज ने साफ कहा है कि इस बार आंदोलन आर-पार का होगा. संत समाज के शामिल होने से आंदोलन को सामाजिक और नैतिक समर्थन मिला है, जिससे प्रशासन के लिए इसे नजरअंदाज करना आसान नहीं होगा. आंदोलनकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया है कि यदि सड़क चौड़ीकरण का काम जल्द शुरू नहीं हुआ तो टोल वसूली का विरोध किया जाएगा. बरेठा टोल प्लाजा को आंदोलन का केंद्र बनाया गया है. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक सड़क की स्थिति सुधरती नहीं, तब तक टोल वसूली उचित नहीं है.

**वार्ता नाकाम होने के बाद प्रशासन की चुनौती बढ़ी**

आंदोलन को लेकर प्रशासन के सामने कानून व्यवस्था की चुनौती खड़ी हो गई है. बताया जा रहा है कि प्रदर्शन के लिए औपचारिक अनुमति नहीं मिली है, लेकिन अंचल भर से आंदोलनकारी फिर भी बड़ी संख्या में जुटने लगे हैं. ऐसे में प्रशासन को स्थिति संभालने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था करनी पड़ रही है.

# इस्कॉन की मूल्य शिक्षा स्पर्धा में धृति ने पाया प्रथम स्थान

## दौलतगंज स्थित मंदिर में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**ग्वालियर, 15 मार्च. इस्कॉन द्वारा आयोजित की गई मूल्य शिक्षा प्रतियोगिता के परिणाम इस्कॉन मंदिर दौलतगंज में घोषित किए गए. जिसमें जिला स्तर पर प्रथम आने वाली छात्रा धृति को इलेक्ट्रिक साइकिल, दूसरे से पांचवां स्थान पाने वाले छात्रों को इवोन साइकिल व करीब 80 छात्रों को स्मार्ट वॉच, थर्मस बॉटल व टीशर्ट का वितरण किया गया.**

मंदिर के अध्यक्ष मानस चंद्र दास प्रभु व पुणे इस्कॉन मंदिर के पुरुषोत्तम हरिदास प्रभु ने बताया कि ग्वालियर सहित डबरा के करीब 65 स्कूलों में जाकर बच्चों को भगवद गीता की जानकारी दी गई. साथ ही कक्षा 4 से 10 तक बच्चों के लिए मूल्य शिक्षा प्रतियोगिता ऑनलाइन आयोजित की गई. जिसमें जिले के करीब 5 हजार बच्चों ने भाग लिया. इस प्रतियोगिता को दो वर्गों कक्षा 4 से 7 व 8 से 10 में आयोजित किया गया. इसके लिए भारत के पहले स्वदेशी सुपर कम्प्यूटर निर्माता विजय भाटकर व इसरो के पूर्व चेयरमैन डॉ. एस सोमनाथ राव ने इस्कॉन को सपोर्ट किया.

### कार में भरकर शराब ले जाने वाले दो तस्कर गिरफ्तार

**इंदौर, 15 मार्च.** जूनी इंदौर पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए स्कार्पियो कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब ले जा रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 20 पेटी हाईरेंज अंग्रेजी शराब और स्कार्पियो कार सहित करीब 21.61 लाख रुपए का माल जब्त किया है. थाना प्रभारी अनील गुप्ता ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि काले रंग की स्कार्पियो कार एमपी 09 जेपी 9681 में अवैध शराब भरकर टावर चौराहा से सिंधी कॉलोनी की ओर ले जाई जा रही है.

# आरजेआईटी में अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस शुरू



ग्वालियर, 15 मार्च. आरजेआईटी में अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस एमपीकोन-2026 का शुभारंभ किया गया. देश-विदेश के विशेषज्ञ जुटे हैं. उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रख्यात शिक्षाविद एवं प्रसिद्ध तकनीकी पुस्तकों के लेखक प्रो. ई. बालागुरुसामी, पूर्व कुलपति, अन्ना यूनिवर्सिटी, चेन्नई रहे. उन्होंने कहा कि अगले 20 वर्षों में भारत को विकसित राष्ट्र बनाना एक बड़ी चुनौती है. इसके लिए रचनात्मक शिक्षा की आवश्यकता है और देश को केवल इंजीनियरिंग डिग्रीधारी नहीं बल्कि सच्चे इंजीनियर चाहिए. उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में शिक्षक, इंजीनियर और वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी.

दीपक माथुर, वाइस प्रेसिडेंट, एमजीए ने बताया कि आईईई विश्व का सबसे बड़ा तकनीकी संगठन है, जिसके पाँच लाख से अधिक सदस्य 190 से अधिक देशों में कार्यरत हैं और यह 10 क्षेत्रों में विभाजित है. उन्होंने कहा कि भारत गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और तकनीकी नवाचार में तेजी से आगे बढ़ रहा है. डॉ. पुलक एम. पांडे, दिल्ली ने कहा कि वर्तमान समय कोर इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रॉनिक्स और इंटेलिजेंट सिस्टम के एकीकरण का युग है. उन्होंने कहा कि आज की औद्योगिक क्रांति की सबसे बड़ी आवश्यकता बुद्धिमान (इंटेलिजेंट) प्रणालियों का विकास है.

# शातिर अपराधी को जीआरपी ने दबोचा

## ट्रेन में चढ़ रहे यात्रियों के झपटता था मोबाइल


**सतना, 15 मार्च. ट्रेन के प्लेटफार्म पर खड़ा होने पर जैसे ही यात्री उसमें चढने का प्रयास करते, इसी दौरान बड़े ही शातिराना तरीके से उनके जेब से मोबाइल पार कर दिया जाता.**

इस संबंध में मिली शिकायत के आधार पर जीआरपी ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया. आरोपी के कब्जे से 42 हजार की कीमत के 2 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं. जीआरपी उप थाना प्रभारी राजेश राज ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल फिलहाल में 2 फरियादियों द्वारा लगभग एक तरह की शिकायत की गई थी. दमोह निवासी एक फरियादी महेश पटेल मुंबई-हावड़ा मेल के जनरल कोच में चढ़ने का प्रयास कर रही था कि इसी दौरान किसी ने उसका वीवो कंपनी का मोबाइल चुरा लिया. इसी तरह की दूसरी घटना में हनुमान नगर नई बस्ती सतना निवासी प्रियांशु श्रीवास्तव के ट्रेन क्रमांक 11703 रीवा अंबेडकर नगर महू एक्सप्रेस ट्रेन के सामान्य डिब्बे में चढने के दौरान किसी ने उसका वन प्लस कंपनी का मोबाइल चुरा लिया.

एक ही तरह की 2 घटनाओं की शिकायत सामने आने पर सक्रिय हुई जीआरपी की टीम ने मुखबिर तंत्र को खंगालना शुरु किया. जिनके जरिए मिली अहम लीड के आधार पर पर टीम ने शहर के बजरहा टोला निवासी 19 वर्षीय युवक राज वंशकार पिता संतोष को दबोच लिया.

**पुलिसिंग** व्यापारियों से मांगा यातायात व्यवस्था में सहयोग

# राजवाड़ा के मुख्य बाजारों में डीसीपी ने किया पैदल मार्च



**इंदौर, 15 मार्च. शनिवार को पुलिस उपायुक्त (प्रभारी यातायात) राजेश कुमार त्रिपाठी ने राजवाड़ा क्षेत्र के प्रमुख बाजारों में यातायात पुलिस टीम और व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ पैदल मार्च किया.**

उक्त कार्रवाई पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) आरके सिंह के मार्गदर्शन में की गई. भ्रमण के दौरान डीसीपी त्रिपाठी ने राजवाड़ा, सराफा, कपड़ा मार्केट, खजूरी बाजार, सुभाष चौक सहित आसपास के पार्किंग स्थलों का निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था, पार्किंग स्थिति और नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने व्यापारियों और दुकानदारों से अपील की कि वे अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें. उन्होंने कहा कि यदि किसी दुकान के बाहर लंबे समय तक वाहन खड़ा पाया जाता है तो उसे अवैध पार्किंग माना जाएगा.

ऐसे वाहनों की सूचना नागरिक व व्यापारी यातायात पुलिस के व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 7049107620 पर दे सकते हैं, जिस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी. वहीं उन्होंने शहरवासियों से बेहतर यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है.

# बरा की 198 बीघा वन भूमि पर हाईकोर्ट का स्टे

- गुप्तेश्वर सोसायटी को मिली राहत पर स्टे




**ग्वालियर, 15 मार्च. ग्वालियर नगर निगम सीमा के अंतर्गत आने वाले ग्राम बरा की 198 बीघा बेशकीमती जमीन के मालिकाना हक की कानूनी लड़ाई अब एक नए पड़ाव पर पहुँच गई है.**

उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने गुप्तेश्वर गृह निर्माण सहकारी संस्था के पक्ष में पूर्व में आए फैसले के अमल पर अंतरिम रोक लगा दी है. शासन की पुनर्विचार याचिका पर आए इस आदेश ने फिलहाल उस भूमि को सुरक्षित कर दिया है जिसे वन विभाग अपनी आरक्षित संपत्ति (कंपार्टमेंट नंबर 320) बता रहा है. बाजार दर और सरकारी रिकॉर्ड का पेच: ग्राम बरा की भौगोलिक स्थिति और शहर से इसकी निकटता के कारण इस 198 बीघा जमीन की कीमत अरबों रुपये आंकी जा रही है. सरकारी अभिलेखों और पुराने राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार यह भूमि %जंगल और पहाड़% के रूप में दर्ज है. गुप्तेश्वर सोसायटी का पक्ष 1964 की उन रजिस्ट्रियों पर टिका है, जिन्हें पूर्व में ट्रायल कोर्ट ने संदेहास्पद माना था. शासकीय अधिवक्ता सीपी सिंह ने मजबूती से पक्ष रखते हुए अदालत को बताया कि पिछले आदेश के दौरान कुछ ऐसे अनिवार्य साक्ष्यों और प्रक्रियागत तथ्यों की अनदेखी हुई थी, जो इस जमीन के शासकीय स्वरूप को सिद्ध करते हैं. कोर्ट ने इन दलीलों को विचारणीय मानते हुए दस्तावेजों की पुनः समीक्षा करने का निर्णय लिया है.